Dr. M. G. Ramachandran

Dr. M. G. Ramachandran who was affectionately known as “Puratchi Talaivar” (Revolutionary Leader) was born on 17.01.1917 to M. Gopala Krishna Menon and Sathyabama in Kandy, Sri Lanka. After debuting films in 1940, he had an extremely successful stint of more than 35 years in the Tamil film industry. He was introduced to Perarignar Anna in the year 1952 and was closely associated with him thereafter. The latter had a deep influence on MGR, who in turn considered Annadurai as his mentor. It was his association with Annadurai that let MGR to venture into politics. He became a part of Annadurai's DMK, a Dravidian political party. He was elected as a Member of Legislative Assembly from Parangimali Constituency in the year 1967. Dr. M. G. Ramachandran started the Anna Dravida Munnetra Kazhagam (ADMK) Party in the year 1972 and became the Chief Minister of Tamil Nadu in the year 1977. He was the first popular Indian actor to serve as Chief Minister of an Indian state. He continued to be the Chief Minister for three consecutive terms never having lost an election, till he breathed his last on 24.12.1987.

Dr. M. G. Ramachandran was one of the most illustrious, charismatic and popular Chief Ministers of the State of Tamil Nadu. He is remembered nationally and internationally for having launched several innovative welfare programmes which have become model schemes implemented throughout the country. His policies were directed for social welfare and economic growth. He came up with several educational reforms, upgraded the free meal scheme, banned liquor and preserved the state's cultural heritage thus attracting tourism. The “Puratchi Thalaivar Dr. MGR Nutritious Meal Programme” implemented in all schools in Tamil Nadu has been commended by the Hon'ble Supreme Court and it was ordered to be replicated across the country. Dr. M. G. Ramachandran laid the foundation for the rapid socio-economic growth that the State of Tamil Nadu has witnessed in the last three decades. He established a number of Universities in the State including the Tamil University, Mother Theresa Women's University and the Bharathidasan University. He hosted the fifth World Tamil Conference.

The Government of India honoured Dr. M. G. Ramachandran with the highest civilian honour, the Bharat Ratna for his unparalleled public service.

Dr. M. G. Ramachandran continues to be an inspirational figure who is always remembered for his qualities of magnanimity, generosity, commanding leadership and determination to fight for the legitimate rights of people. Dr. M. G. Ramachandran's life story continues to inspire millions to strive for the greater public good through dedicated service.

Department of Posts is pleased to release a Commemorative Postage Stamp on Dr. M. G. Ramachandran.

Credits:-

Text	:	Based on the material received from proponent
Stamp / FDC / Brochure/ Cancellation Cachet	:	Smt. Nenu Gupta

भारतीय डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS
INDIA



डा. एम. जी. रामचन्द्रन
DR. M. G. RAMACHANDRAN

विवरणिका BROCHURE

डा. एम.जी. रामचन्द्रन

डा. एम. जी. रामचन्द्रन को स्नेह से "पुरात्ची थलैवर" (क्रांतिकारी नेता) के नाम से भी जाना जाता है। उनका जन्म कैंडी, श्रीलंका में एम. गोपालकृष्ण मेनन तथा सत्यभामा के घर 17 जनवरी, 1917 को हुआ। 1940 में अपने फिल्मी सफर की शुरुआत के बाद, वे 35 वर्षों तक तमिलनाडु फिल्म उद्योग में सफलता की बुलंदियों पर रहे। वर्ष 1952 में उनका परिचय पेरियार अन्ना से हुआ और इसके बाद वे उनसे करीबी तौर पर जुड़े रहे। पेरियार अन्ना ने एम.जी.आर. को अत्यंत प्रभावित किया। एम.जी.आर. अन्नादुरई को अपना गुरू मानते थे। अन्नादुरई के इसी साथ के परिणामस्वरूप एम.जी.आर. ने राजनीति की दुनिया में कदम रखा। वे अन्नादुरई के द्रविड़ राजनैतिक दल, डीएमके में शामिल हो गए। वर्ष 1967 में वे परंगिमलै निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के लिए चुने गए। डा. एम.जी. रामाचन्द्रन ने 1972 में अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एडीएमके) दल की स्थापना की और 1977 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। वे भारत के पहले ऐसे लोकप्रिय अभिनेता थे, जिन्होंने किसी भारतीय राज्य के मुख्यमंत्री पद की कुर्सी संभाली। वे लगातार तीन कार्यकालों तक मुख्यमंत्री रहे और अपने जीवनकाल में कभी कोई चुनाव नहीं हारे। 24.12. 1987 को उनका निधन हो गया।

डा. एम. जी. रामचन्द्रन, तमिलनाडु के सबसे यशस्वी, करिश्माई तथा लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में से थे। वे नवीन प्रकार की ऐसी अनेक कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हैं, जिन योजनाओं को आदर्श मानकर देशभर में लागू किया गया है। वे, सामाजिक कल्याण तथा आर्थिक विकास को ध्यान में रखकर नीतियां निर्धारित करते थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र तथा नि:शुल्क भोजन योजना में काफी सुधार किए और साथ ही शराबबंदी लागू कर राज्य की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया और इस प्रकार पर्यटन को बढ़ावा दिया। एम.जी.आर. के नाम पर तमिलनाडु के सभी स्कूलों में लागू की गई "पुरात्ची थलैवर डा.एम.जी.आर. पोषक आहार योजना" की प्रशंसा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी की है और इसी की तर्ज पर पूरे देश में योजनाएं लागू करने का आदेश दिया है। डा. एम. जी. रामचन्द्रन ने ही तमिलनाडु के सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास की बुनियाद रखी, जिसके बेहतरीन परिणाम पिछले तीन दशकों के दौरान राज्य में देखने को मिले हैं। उन्होंने तमिलनाडु में अनेक विश्वविद्यालयों की भी स्थापना की, जिनमें तमिल विश्वविद्यालय, मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय तथा भारतीदासन विश्वविद्यालय शामिल हैं। श्री रामचन्द्रन ने पांचवें विश्व तमिल सम्मेलन की भी मेजबानी की।

भारत सरकार ने, अप्रतिम जन सेवा के लिए, डा. एम. जी. रामचन्द्रन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से विभूषित किया।

डा. एम. जी. रामचन्द्रन ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व रहे हैं, जो अपने उदार चरित्र, सुदृढ़ नेतृत्व और जनसामान्य के अधिकारों हेतु संघर्ष के दृढ़ संकल्प के लिए जाने जाते हैं। डा. एम.जी. रामचन्द्रन का जीवन उन लाखों लोगों के लिए प्रेरणा और मिसाल है, जो समर्पित सेवा के मार्ग पर चलते हुए जन कल्याण के लिए प्रयासरत रहते हैं।

डाक विभाग, डा. एम. जी. रामचन्द्रन पर स्मारक डाक-टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार:-

मूलपाठ : प्रस्तावक द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री पर आधारित

डाक टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका/विरूपण : श्रीमती नीनू गुप्ता

भारतीय डाक
India Post

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	1500 पैसा
Denomination	:	1500 p
मुद्रित डाक टिकटें	:	407190
Stamps Printed	:	407190
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00